**SET – 3**

**Series : GBM/1/C**

**कोड नं.**
**Code No.** **57/1/3**

**रोल नं.**
**Roll No.** | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **26** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **26** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform

# जीव विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# BIOLOGY (Theory)

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 70*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 70*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

*सामान्य निर्देश :*

(i) *प्रश्न–पत्र में पाँच खण्डों में* **26** *प्रश्न दिए गए हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *खण्ड* **A** *में प्रश्न संख्या* **1** *से* **5** *अति लघु–उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **1** *अंक का है ।*

(iii) *खण्ड* **B** *में प्रश्न संख्या* **6** *से* **10** *लघु–उत्तरीय प्रश्न प्रकार I के हैं, प्रत्येक प्रश्न* **2** *अंकों का है ।*

(iv) *खण्ड* **C** *में प्रश्न संख्या* **11** *से* **22** *लघु–उत्तरीय प्रश्न प्रकार II के हैं, प्रत्येक प्रश्न* **3** *अंकों का है ।*

(v) *खण्ड* **D** *में प्रश्न संख्या* **23** *मूल्य आधारित प्रश्न* **4** *अंकों का है ।*

(vi) *खण्ड* **E** *में प्रश्न संख्या* **24** *से* **26** *दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न* **5** *अंकों का है ।*

(vii) *प्रश्न–पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है, फिर भी* **2** *अंकों वाले एक प्रश्न में,* **3** *अंकों वाले एक प्रश्न में और* **5** *अंकों वाले सभी तीनों प्रश्नों में भीतरी चयन–विकल्प दिए गए हैं । प्रत्येक परीक्षार्थी को ऐसे प्रश्नों के दो विकल्पों में से कोई एक प्रश्न हल करना है ।*

**General Instructions :**

(i) *There are total* **26** *questions in five sections in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Section* **A** *contains questions number* **1** *to* **5**, *very short-answer type questions of* **1** *mark each.*

(iii) *Section* **B** *contains questions number* **6** *to* **10**, *short-answer type I questions of* **2** *marks each.*

(iv) *Section* **C** *contains questions number* **11** *to* **22**, *short-answer type II questions of* **3** *marks each.*

(v) *Section* **D** *contains question number* **23**, *value based question of* **4** *marks.*

(vi) *Section* **E** *contains questions number* **24** *to* **26**, *long-answer type questions of* **5** *marks each.*

(vii) *There is no overall choice in the question paper, however, an internal choice is provided in one question of* **2** *marks, one question of* **3** *marks and all three questions of* **5** *marks. In these questions, an examinee is to attempt any one question out of the two given alternatives.*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**खण्ड – A**

**SECTION – A**

1. पुनर्योगज डीएनए के निर्माण के लिए दो अनिवार्य एंजाइमों के नाम लिखिए । **1**

Name the two enzymes that are essential for constructing a recombinant DNA.

2. उस परपोषी का नाम लिखिए जिसमें प्लैज्मोडियम के जीवन चक्र में निषेचन होता है । **1**

Name the host where fertilisation occurs in the life cycle of Plasmodium.

3. उस विकार का नाम लिखिए जो स्त्रियों में एक 'X–गुणसूत्र' के अभाव के कारण होता है । **1**

Name the disorder caused due to the absence of one of the X-chromosomes in a human female.

4. तने की ऊँचाई तथा बीज के रंग के अतिरिक्त मटर के पौधे के किन्हीं दो लक्षणों की सूची बनाइए जिनका उपयोग मेंडल ने अपने प्रयोगों में किया । **1**

List any two characters of Pea plants used by Mendel in his experiments other than height of the plant and the colour of the seed.

5. एक कोशिकीय जीवों में जनन की (i) द्विखंडन तथा (ii) मुकुलन विधि में प्रत्येक का एक–एक उदाहरण दीजिए । **1**

Provide an example each of single celled organisms which reproduce by :

(i) binary fission

(ii) budding



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड – B

## SECTION – B

6. "निकेत आवास का ही एक भाग है ।" एक उदाहरण की सहायता से समझाइए । **2**

"Niche is a part of a habitat." Explain with the help of an example.

7. एक सामान्य व्यक्ति के लिए सेब तथा आम दोनों ही फल हैं । क्या आप इससे सहमत हैं ? कारण सहित अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **2**

For a layman, both apples and mangoes are 'fruits'. Do you agree ? Give reasons in support of your answer.

8. किसी विशिष्ट रोग के प्रति उपार्जित प्रतिरक्षा विकसित करने में टी–लसीकाणु और बी–लसीकाणु की भूमिका बताइए । **2**

State the role of T-lymphocytes and B-lymphocytes in developing acquired immunity against certain diseases.

9. किसी ऐसे ड्रग का नाम तथा उसके प्रभाव बताइए जिसे सामान्यतया औषधि के रूप में उपयोग किया जाता है, परंतु इसके अत्यधिक उपयोग से निर्भरता तथा कुप्रयोग की समस्या उत्पन्न होती है । **2**

Name and state the effect of a drug that is often medically prescribed, but its overuse leads to drug dependence and drug abuse.

10. स्थानांतरण प्रक्रिया के दौरान किसी विशिष्ट m-आरएनए के 5′ किनारे पर AUG प्रकूट तथा 3′ किनारे पर UAG प्रकूट की भूमिका का उल्लेख कीजिए । **2**

अथवा

'अपह्रासित' तथा 'सार्वभौमिक', आनुवंशिक कूट की प्रमुख विशेषताएँ हैं । व्याख्या कीजिए । **2**

State the roles of AUG codon at 5′ end and UAG at 3′ end of a certain m-RNA during translation.

**OR**

'Degenerate' and 'Universal' are salient features of a genetic code. Explain.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

## खण्ड – C

## SECTION – C

11. संकेताक्षर एलीसा (ELISA) का पूरा रूप बताइए । रोगों के निदान के रूढ़ तरीकों की अपेक्षा इस विधि को वरीयता क्यों दी जाती है ? **3**

Expand 'ELISA'. Why is this method preferred over conventional methods of diagnosis of diseases ?

12. किस उद्देश्य को ध्यान में रखकर कोई डेरी फार्म स्थापित किया जाता है ? डेरी फार्म प्रबंधन के लिए विभिन्न आवश्यक चरणों का वर्णन कीजिए । **3**

State the objective with which a dairy farm is set up. Describe the essential steps to be followed for dairy farm management.

13. मर्मर (हमिंग) पक्षी तथा मछली नियमक हैं अथवा संरूपक ? अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । **3**

Are humming birds and fish regulators or conformers ? Give reasons in support of your answer.

14. (a) पॉलिमरेज शृंखला अभिक्रिया (PCR) में सामान्य डीएनए पॉलिमरेज की अपेक्षा टैक पॉलिमरेज का उपयोग क्यों किया जाता है ? टैक पॉलिमरेज के स्रोत जीव का नाम लिखिए ।

(b) PCR का उपयोग किसलिए होता है ? **3**

(a) Why is Taq polymerase used instead of ordinary DNA polymerase in polymerase chain reaction (PCR) ? Name the source organism of Taq polymerase.

(b) What is PCR used for ?



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

15. (a) हरित क्रांति क्या है ? उन चरणों का उल्लेख कीजिए जिनके कारण यह संभव हो सका ।

(b) उस वैज्ञानिक का नाम लिखिए जिसके प्रयासों से भारत में गेहूँ की बौनी किस्म का विकास संभव हो सका । **3**

(a) What is green revolution ? Mention the steps that led to it.

(b) Name the scientist whose contribution led to development of semi-dwarf wheat varieties in India.

16. आनुवंशिकतः रूपांतरित पौधे अनेक प्रकार से उपयोगी हैं । आनुवंशिकतः रूपांतरित पौधों को अपने खेतों में उगाने के लिए आप किसानों को किस प्रकार समझाएँगे ? तीन तर्कसंगत कारण बताते हुए समझाइए । **3**

GM plants are useful in many ways. How would you convince farmers to grow GM plants on their field ? Explain giving three reasons.

17. नर विषमयुग्मकता तथा मादा विषमयुग्मकता के एक-एक उदाहरण की सहायता से लिंग निर्धारण क्रियाविधि की व्याख्या कीजिए । **3**

Explain with the help of an example each, male and female heterogamety mechanisms of sex determination.

18. मनुष्य में सहायक नर ग्रंथियों के नाम एवं उनके कार्य लिखिए । **3**

Name the male accessory glands in humans and write their functions.

19. मेंडल द्वारा मटर के पौधों पर किए गए प्रयोगों के अनुरूप जब मॉर्गन ने ड्रोसोफिला पर द्विसंकर क्रॉस कराया तो उसे मेंडल के $F_2$ परिणामों की अपेक्षा $F_2$ पीढ़ी के अनुपात में बहुत अधिक विचलन प्राप्त हुआ । अपने प्रयोगों में प्राप्त परिणाम की मॉर्गन एवं उसके साथियों ने क्या व्याख्या दी ? **3**

When Morgan conducted dihybrid cross on Drosophila like Mendel did with pea plants, the $F_2$ ratios deviated significantly from that of Mendel's $F_2$ ratio. Write the explanation Morgan and his group gave to the observations they obtained from their experiment.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

20. कुछ सूक्ष्मजीव बहुत अच्छे जैव उर्वरक का कार्य करते हैं । तीन उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से इसे समझाइए । **3**

Some microbes act as very good biofertilisers. Explain with the help of three suitable examples.

21. (a) मनुष्य में गर्भावस्था रोकने के लिए बंध्यकरण की एक विधि का नाम लिखिए ।

(b) पुरुष एवं स्त्री में बंध्यकरण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **3**

अथवा

(a) क्या सभी पराग कण समान अवधि तक जीवनक्षम रहते हैं ? अपने उत्तर की पुष्टि के लिए दो उदाहरण दीजिए ।

(b) पराग बैंकों में पराग कणों का भण्डारण कैसे किया जाता हैं ? इन बैंकों में पराग कणों के भण्डारण का उद्देश्य बताइए । **3**

(a) Name a terminal method to prevent pregnancy in humans.

(b) Describe the procedure of the terminal method carried in human male and female.

**OR**

(a) Do all pollen grains remain viable for the same length of time ? Support your answer with two suitable examples.

(b) How are pollen grains stored in pollen banks ? State the purpose of storing pollen grains in these banks.

22. जैव विकास की क्रियाविधि को विस्तार से बताने के लिए डार्विन ने 'उपयुक्तता', 'उत्तरजीविता' तथा 'वरण' शब्दों का उपयोग किस संदर्भ में किया ? व्याख्या कीजिए । **3**

Write in what context did Darwin use the terms 'fitness', 'survival' and 'selection' while elaborating on the mechanism of evolution.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

खण्ड – D

SECTION – D

23. वर्तमान समय में अपशिष्ट का निपटान तथा अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी समस्या है । कूड़ा–कचरा का उत्पादन एवं इसका निपटान एक बड़ा खतरा है, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय गंभीर समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं । जैव–निम्नकरण योग्य तथा पुनश्चक्रण योग्य अपशिष्टों की समस्या नहीं है । हमें अहसास है कि, आवश्यकता इस बात की है कि जैव–निम्नीकरण अयोग्य अपशिष्टों को कम किया जाए ।

(a) जैव–निम्नकरण योग्य अपशिष्ट की तुलना में जैव–निम्नीकरण अयोग्य अपशिष्ट के प्रबंधन पर विशेष चिंता क्यों है ? व्याख्या कीजिए ।

(b) अपने विद्यालय के इको–क्लब का सदस्य होने के नाते ऐसे दो उपायों का सुझाव दीजिए, जिन्हें विद्यालय में महीने में एक बार 'शून्य अपशिष्ट दिवस' के आयोजन में अपनाने हेतु अपने मित्रों से चर्चा करना चाहेंगे । 4

Waste Disposal and Waste Management poses a major problem in present times. Generation of garbage and its disposal is a major threat and consequently leads to severe environmental issues. The problem is not with biodegradable and recycled wastes. We realise that the need is to reduce non-biodegradable wastes.

(a) Why is there a great concern of managing non-biodegradable waste in comparison to biodegradable waste ? Explain.

(b) As a member of eco club of your school, suggest any two ways that you will discuss with your fellow members to organise for a "Zero garbage day" once in a month in the school.



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड – E

## SECTION – E

24. (a) अनेकजीनी वंशागति तथा बहुविकल्पता एक–दूसरे से किस प्रकार भिन्न हैं ? प्रत्येक के एक–एक उदाहरण की सहायता से व्याख्या कीजिए ।

(b) किसी रासायनिक अणु के आनुवंशिक पदार्थ के रूप में कार्य करने के लिए कौन–कौन सी शर्तें पूरी करनी चाहिए ? **3 + 2 = 5**

**अथवा**

ऑपेरिन तथा हालडेन द्वारा प्रस्तावित परिकल्पना बताइए । एस.एल. मिलर ने प्रयोगों की सहायता से इसे किस प्रकार सिद्ध किया ? व्याख्या कीजिए । **5**

(a) How are polygenic inheritance and multiple allelism different ? Explain with the help of an example each.

(b) List the criteria a chemical molecule must fulfill to be able to act as a genetic material.

**OR**

State the hypothesis proposed by Oparin and Haldane. How was it experimentally proved by S.L. Miller ? Explain.

25. एक पारिस्थितिक तंत्र का पिरैमिड क्या दर्शाता है ? प्रकृति में भिन्न प्रकार के तीन ऊर्ध्वाधर पिरैमिड का वर्णन प्रत्येक के एक–एक उदाहरण की सहायता से कीजिए । **5**

**अथवा**

(a) मनुष्य की अविवेकपूर्ण गतिविधियों, जैसे कि विदेशी जातियों का आक्रमण, विखंडन तथा आवासीय क्षति ने जैव–विविधता की क्षति को त्वरित किया है । एक–एक उदाहरण की सहायता से इन्हें न्यायोचित सिद्ध कीजिए ।

(b) जैव–विविधता के संरक्षण में (i) आई.यू.सी.एन. (IUCN) की लाल सूची तथा (ii) हाट–स्पॉट्स के महत्त्व का उल्लेख कीजिए । **5**



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

What does an Ecological Pyramid indicate ? Explain the three different types of upright Pyramids in nature with the help of an example each.

**OR**

(a) Indiscriminate human activities such as alien species invasion, fragmentation and habitat loss have accelerated the loss of biodiversity. Justify by taking one example for each.

(b) State the importance of (i) IUCN Red data list and (ii) Hot spots in conservation of biodiversity.

26. (a) मानव शुक्राणु का चित्र बनाइए तथा इसके शीर्ष एवं मध्य खण्ड की विभिन्न संरचनाओं को नामांकित कीजिए।

(b) स्त्रियों में निषेचन प्रक्रम की व्याख्या कीजिए। **2 + 3 = 5**

**अथवा**

(a) एक आवृत्तबीजी परागकोश की अनुप्रस्थ-काट का आरेखित चित्र बनाकर निम्नलिखित को नामांकित कीजिए :

(i) बीजाणुजन ऊतक

(ii) टेपीटम

(iii) अन्तस्थीसियम

(iv) मध्य परत

(b) वायु परागित पुष्पों की लाक्षणिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। **2+3=5**



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

(a) Draw a diagram of a human sperm. Label the different components in its head and middle piece region.

(b) Explain the process of fertilisation in human female.

**OR**

(a) Draw a schematic transverse section of an anther of an angiosperm and label the following parts :

(i) Sporogenous tissue

(ii) Tapetum

(iii) Endothecium

(iv) Middle layers

(b) Describe the special characteristic features of wind pollinated flowers.

collegedunia.com India's largest Student Review Platform



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform